हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172


संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला | ईमेल: newsicon2021@gmail.com | मूल्य: रु. - 2/-

वर्ष: 1 | अंक: 07 | पृष्ठ: 8 | शुक्रवार 26 फरवरी से 04 मार्च 2021


## हे प्रभु !

अगर आपके रहते आपके पिता फटे कपड़े पहनते है तो आपके महंगे कपड़े पहनने का कोई फायदा नही है और माँ से ऊँची आवाज में बात करते है तो देवी की पूजा करने से कोई फायदा नही है – अज्ञात

## अनमोल विचार

बेहतर करना अच्छी बात है लेकिन किसी का बेहतर करना बहुत बड़ी बात है – अज्ञात

## नजरिया

बोलना तो जन्म के दो वर्षो बाद ही सीख जाते है लेकिन बोलना क्या है इसे सीखने में पूरा जीवन लग जाता है.

–संपादक

## केजरीवाल सरकार का तोहफा

# दिल्ली में मार्च से 17 लाख लोगों को घर बैठे मिलेगी राशन की सुविधा



**नई दिल्ली।** का गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसके बाद मार्च से दिल्ली के लगभग 17 लाख लोग घर बैठे सरकार द्वारा दिए जाने वाले सस्ते राशन की डोर स्टेप डिलीवरी ले सकेंगे। राशन की डोर स्टेप डिलीवरी के लिए दिल्ली सरकार अतिरिक्त चार्ज लेगी। बता दें कि सरकार ने राशन की डोर स्टेप डिलीवरी के लिए शुल्क अभी तय नहीं किए हैं। के तहत दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में लोगों के घरों तक राशन पहुंचाए जाने की योजना है। लोग इस योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। अगर लोग दुकानों से राशन लेना चाहते हैं तो वे उसे जारी रख सकते हैं। इस योजना के तरहत दिल्ली सरकार की ओर से गेहूं न देकर लोगों को पिसा हुआ आटा दिया जाएगा। राशन की डिलीवरी के लिए लोगों की बायोमीट्रिक पहचान ली जाएगी, उसके बाद ही लोगों को राशन दिया जाएगा। सभी प्रकार के सामान गोदाम से लेने, पैकेजिंग करने और गरीबों के घर तक पहुंचाने की प्रक्रिया सीसीटीवी, जीपीएस और बायोमीट्रिक सिस्टम के तहत पूरी की जाएगी। दिल्ली कंज्यूमर कोऑपरेटिव होलसेल स्टोर लिमिटेड को सभी सूचना रियल टाइम पर भी उपलब्ध कराए जाएगी। गेहूं पिसाई का खर्च उठाएगी सरकार दिल्ली सरकार की ओर से जारी गजट नोटिफिकेशन के मुताबिक गेहूं की पिसाई का खर्च दिल्ली सरकार उठाएगी। सभी विधानसभा क्षेत्रों में आटा चक्कियों को चिन्हित कर दिया जाएगा, जहां से लोग अपनी पर्ची दिखाकर पिसा हुआ आटा ले सकेंगे। मुख्यमंत्री घर-घर राशन योजना के तहत गरीबों को उचित दर दुकान तक नहीं जाना पड़ेगा। सभी खाद्य सामग्री गरीबों के घर तक पहुंचाई जाएगी। गेहूं के बदले आटे का पैकेट मिलेगा एवं चावल का पैकेट मिलेगा। चावल और चीनी इत्यादि के पैकेट पर इसके तैयार होने की तिथि और एक्सपायरी तिथि भी दी जाएगी.

## टूलकिट केस में शांतनु मुलुक को बड़ी राहत, कोर्ट ने 9 मार्च तक गिरफ्तारी पर लगाई रोक

**नई दिल्ली :** टूलकिट मामले में आरोपी शांतनु मुलुक को बॉम्बे हाईकोर्ट के बाद अब दिल्ली की कोर्ट से भी बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने मुलुक की गिरफ्तारी पर 9 मार्च तक के लिए रोक लगा दी है। कोर्ट ने यह आदेश मुलुक की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। मुलुक पर जलवायु कार्यकर्ता दिशा रवि के टूलकिट को शेयर करने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक किसान आंदोलन के समर्थन में यह टूलकिट तैयार किया गया था। पटियाला हाउस स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धर्मेन्द्र राणा की अदालत ने शांतनु मुलुक को राहत देते हुए


## संक्षिप्त खबरें

### लाल किला हिंसा : दीप सिद्धू के पांच साथियों की हुई पहचान, जल्द होगी गिरफ्तारी

**नई दिल्ली :** क्राइम ब्रांच ने 26 जनवरी को लाल किले पर उपद्रव के दौरान दीप सिद्धू के साथ मौजूद पांच लोगों की पहचान की है। दरअसल इन पांचों के साथ सिद्धू लालकिले पर पहुंचा था। इनमें एक सिद्धू का भाई भी है। लालकिले पर हुई हिंसा मामले में पुलिस द्वारा तैयार की गई 50 संदिग्धों की सूची में इन पांचों को शामिल किया गया है। पुलिस ने वीडियो फुटेज से इन पांचों संदिग्धों की पहचान कर ली थी, लेकिन सिद्धू से पूछताछ के बाद यह साफ हो गया है कि ये लोग सिद्धू के साथ ही लाल किला आए थे।







# मुंबई से नवी मुंबई जाने वालों के लिए जल्द शुरू होगा वाटर ट्रांसपोर्ट

## लोकल की भीड़ से मिलेगी निजात

**मुंबई :** मुंबई से नवी मुंबई तक सफर करने वाले लोग लोगों के लिए ये खबर बेहद खास है। महाराष्ट्र सरकार अब जल्द ही मुंबई से नवी मुंबई के बीच वाटर ट्रांसपोर्ट यानी जल यातायात शुरू करने जा रही है। इस कदम से लोगों को ना सिर्फ लोकल ट्रेन में होने वाली भीड़ और मुसीबत से निजात मिलेगी बल्कि उनके समय की भी बचत होगी।

**मुंबई से बेलापुर तक चलेगी फेरी**

पानी के जहाज मुंबई के प्रिंसेस डॉक से शुरू होकर बेलापुर तक जाएगा। मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव जलोटा के मुताबिक आने वाले समय में इसे मुंबई, नवी मुंबई और ठाणे जैसे



शहरों से भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में लगभग सभी काम पूरे हो चुके हैं कुछ छोटे-मोटे काम बजे हुए हैं जिन्हें जल्द ही पूरा किया जाएगा। राजीव जलोटा के मुताबिक वाशी, नेरुल, एरोली और ठाणे के मीट बंदर पर स्टॉप दिया जायेंगे। जलमार्ग से सफर करने पर तकरीबन 1 घंटे में मुंबई से नवी मुंबई पहुंचा जा सकता है भविष्य में रो-रो और रोपैक्स सेवाएं भी जल्द शुरू की जाएंगी जिन की तैयारियां लगभग फाइनल स्टेज पर हैं। आपको बता दें कि रो-रो सेवा में छोटे जहाजों से लेकर ट्रक या दूसरी चीजों को ट्रांसपोर्ट किया जा सकता है। वहीं रोपैक्स में यात्री और वाहन दोनों सफर कर सकते हैं। जेएनपीटी पर रो-रो जेट्टी को तैयार किया जा रहा है। आने वाले कुछ महीनों में यह काम पूरा होने की संभावना है।

# 10 मामलों में गैंगस्टर रवि पुजारी को मुंबई पुलिस ने अपनी कस्टडी में ली

**मुंबई :** प्रत्यर्पण कर लगभग सालभर पहले अफ्रीका से भारत लाए गए गैंगस्टर रवि पुजारी को मुंबई कोर्ट ने नौ मार्च तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। उसके खिलाफ मुंबई में 78 मामले हैं। वहीं देशभर में 200 से ज्यादा शिकायतें दर्ज हैं। रवि पुजारी विदेश में रहकर अपराध को अंजाम दे रहा था। अलग-अलग गिरोह बनाकर हफ्ता वसूली करने लगा था। साथ ही बॉलीवुड में दहशत फैलाने का काम भी कर रहा था। पुजारी को जनवरी 2019 में पश्चिम अफ्रीका के सेनेगल में गिरफ्तार किया गया था। जमानत के बाद वह वहां से भाग गया और नाम बदल कर रह रहा था। उसे सेनेगल की राजधानी डकार से गिरफ्तार किया गया था। रवि पुजारी की तरह कई बड़े नाम हैं जो भगोड़े घोषित कर दिए गए हैं लेकिन पुलिस उन्हें अभी तक भारत नहीं ला पाई है। ईडी



द्वारा प्रस्तुत रिकॉर्ड की बात करें तो 36 कारोबारी ऐसे हैं जो आर्थिक घोटाला और अपराध कर देश से बाहर भाग गए है।

पुलिस उन्हें लाने में सफल नहीं हुई हैः 2017 में वित्त मंत्रलय ने एक ड्राफ्ट बिल जारी किया था। यह ड्राफ्ट बिल उन हाई वैल्यू आर्थिक अपराधियों के मामलों में था जो मुकदमे से बचने के लिए देश छोड़कर भाग जाते हैं। तब कहा गया था कि नए बिल की जरूरत है क्योंकि मौजूदा कानूनों में निपटने का प्रविधान नहीं है। 2018 में विदेशी मामलों के मंत्रलय ने कहा था कि भारतीय अदालतों के मुकदमों से बचने के लिए 30 से अधिक व्यवसायी, जिनकी जांच सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय कर रहे हैं, देश से फरार हो चुके हैं।

इसके बाद 2018 में भगोड़ा आर्थिक बिल लाया गया। भगोड़ा आर्थिक अपराधी (एफईओ): एक ऐसा व्यक्ति है जिसके खिलाफ अनुसूची में दर्ज किसी अपराध के संबंध में गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। इस अपराध का मूल्य कम से कम 100 करोड़ रुपए है। इसके अतिरिक्त उस व्यक्ति ने मुकदमे से बचने के लिए देश छोड़ दिया है और देश लौटने से इनकार कर दिया है। अनुसूची में 55 आर्थिक अपराध सूचीबद्ध है जिनमें मुख्य रूप से नकली सरकारी स्टाम्प या नोट बनाना, बेनामी लेन-देन,धोखाधड़ी वाले लेन-देन करना, टैक्स चोरी, और मनी लांडिंग आदि हैपंजाब नेशनल बैंक में करीब साढ़े 11 हजार करोड़ के बैंकिंग घोटाले में हीरा कारोबारी नीरव मोदी का नाम उजागर हुआ है।

ईडी ने नीरव मोदी के खिलाफ मनी लांडिंग का केस दर्ज कर लिया। बताया जाता है कि एक जनवरी 2019 में भाग गया था। मेहुल चुन्नीभाई चौकसी पर भी पंजाब नेशनल बैंक घोटाला में शामिल होने का आरोप है। चौकसी पर भी मनी लांडिंग व स्टॉक मार्केट की गड़बड़ियों का मामला दर्ज है।

# मुंबई के बोरीवली इलाके में गार्डन के पास लगी भीषण आग



***मुंबई : मुंबई के बोरीवली वेस्ट इलाके में मौजूद देवकी नगर की एक दुकान में आज सुबह भीषण आग लग गई है। आग लगने की वजह से दुकान में मौजूद कपड़े और लकड़ी का सामान जलकर राख हो चुका है, दमकल विभाग की 4 गाड़ियां घटनास्थल पर मौजूद है और आग बुझाने का काम युद्ध स्तर पर शुरू है। मुझे आज देवकी नगर इलाके के चिंतन गार्डन के पास की एक दुकान में लगी है।***

# मुंबई कोर्ट ने खारिज की पति की दलील, कहा- चाय न बनाना पत्नी पर जानलेवा हमले का बहाना नहीं हो सकता



**मुंबईः** एक मामले की सुनवाई में मुंबई हाई कोर्ट ने अपनी पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाले एक शख्स की अपील ठुकराते हुए उसे दोषी माना है। कोर्ट ने कहा कि पति के लिए चाय बनाने से इनकार करना पत्नी को पीटने के लिए उकसाने का कारण नहीं माना जा सकता। अदालत ने कहा कि पत्नी कोई गुलाम या कोई वस्तु नहीं है। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते देरे ने इस महीने की शुरूआत में पारित आदेश में कहा, विवाह समानता पर आधारित साझेदारी है, लेकिन समाज में पितृसत्ता की अवधारणा अब भी कायम है। उन्होंने आगे कहा कि अब भी यह समझा जाता है कि महिला पुरुष की सम्पत्ति है, जिसकी वजह से पुरुष यह सोचने लगता है कि महिला उसकी गुलाम है। अदालत ने कहा कि दंपति की छह वर्षीय बेटी का बयान भरोसा करने लायक है। अदालत ने 2016 में एक स्थानीय अदालत की संतोष अख्तर (35) को दी गई 10 साल की सजा बरकरार रखी। अख्तर को गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराया गया है। दिसंबर 2013 में अख्तर की पत्नी उसके लिए चाय बनाए बिना बाहर जाने की बात कर रही थी, जिसके बाद अख्तर ने हथौड़े से उसके सिर पर वार किया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस की पड़ताल और दंपति की बेटी के बयान के अनुसार, अख्तर ने इसके बाद घटनास्थल को साफ किया, अपनी पत्नी को नहलाया और उसे फिर से अस्पताल में भर्ती कराया।

# नाबालिग बहू के साथ दुष्कर्म मामले में आरोपी ससुर को कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

**नालासोपारा ।** नाबालिग बहू के साथ दुष्कर्म करने वाले ससुर को वसई कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है. आरोपी ससुर ने साल 2015 में कई बार अपनी बहू के साथ दुष्कर्म किया था.एडिशनल सेशन जज ए यू कदम ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि पालघर का रहने वाला 50 वर्षीय आरोपी जो एक सरकारी दफ्तर में बतौर ड्रायवर काम करता है,उसे कड़ी सजा सुनाए जाने की जरूरत है।जज ने आरोपी को आईपीसी के तहत विभिन्न धाराओं और पोक्सो एक्ट के तहत दोषी मानते हुए सजा सुनाई है।सरकारी वकील उज्जवला मोहोलकर ने कोर्ट को बताया कि साल 2015 में जब पीड़िता की उम्र 15 साल की थी और उसका पति उस वक्त होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहा था, इस वजह से वह ज्यादातर वक्त घर के बाहर रहता था.उस दौरान पीड़िता की सास भी काम की वजह से घर के बाहर रहती थी।अक्टूबर 2015 में आरोपी ने पीड़िता के साथ कई बार दुष्कर्म किया,जिसके बाद पीड़िता गर्भवती हो गई।आरोपी ने इस हालत में भी उससे साथ दुष्कर्म किया और पीड़िता को किसी को भी कुछ भी ना बताने की धमकी दी.रोज-रोज की हैवानियत से उबकर पीड़िता ने अपने साथ होने वाले दुष्कर्म की जानकारी अपने पति और सास को भी दी,लेकिन उन्होंने उसकी बात पर ध्यान नहीं दिया.

# महाराष्ट्र में एक बार फिर कोरोना का कहर

## पिछले 24 घंटे में सामने आए करीब 9 हजार मामले



**मुंबईः** महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के मामलों में फिर से तेजी आने लगी है। पिछले 24 घंटों में राज्य में 8,807 नए मामले सामने आए हैं। 80 लोगों की मौत भी हुई है। 2772 लोगों को डिस्चार्ज किया गया। इसके अलावा, मुंबई में 1,167 मामले सामने आए हैं। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, महाराष्ट्र में कुल कोरोना के केस बढ़कर 21,21,119 हो गए हैं। इसमें से 20,08,623 लोग रिकवर भी हुए हैं। एक्टिव मामलों की संख्या 59,358 है, जबकि कुल मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 51,937 हो गया है।वहीं, मुंबई की झुग्गी बस्ती धारावी में एक महीने से अधिक समय बाद कोविड-19 के मामलों की संख्या बुधवार को दोहरे अंक में पहुंची और 10 नए मामले सामने आए। इससे पहले, 17 जनवरी को धारावी में कोरोना वायरस संक्रमण के 10 मामले सामने आये थे और तब से प्रतिदिन के मामले एक अंक में या शून्य ही रहे थे। अधिकारी ने बताया कि इलाके में कोविड-19 के 33 मरीज अभी उपचाराधीन हैं।महाराष्ट्र सरकार ने सभी जिला कलेक्टरों और स्थानीय निकायों के आयुक्तों से जांच में तेजी लाने को कहा है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री नवाब मलिक ने बताया कि बैठक में राज्य में कोविड-19 स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि जांच की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया गया। राज्य में पिछले दो सप्ताह से प्रतिदिन औसतन 60,000 नमूनों की जांच की जा रही है। मलिक ने कहा कि अधिकारियों से कहा गया है कि वे अतिसक्रियता से संक्रमित लोगों के संपर्क में आने वालों का पता लगाएं। इससे पहले, महाराष्ट्र में मंगलवार को कोरोना वायरस के छह हजार से अधिक नए मरीजों की पुष्टि हुई थी, जबकि 51 संक्रमितों की मौत हुई।

अकोला मंडल में मामलों में इजाफा हुआ है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया था कि सोमवार को 5210 नए मामले सामने आए जबकि मंगलवार को 6218 नए मरीजों की पुष्टि हुई .

# दो जगहों पर आभूषण व वाहन चोरी,मामला दर्ज

**नालासोपारा :** पूर्व के अलग - अलग जगहों पर अज्ञात चोर द्वारा आभूषण व वाहन चोरी कर फरार होने की घटना सामने आई है। तुलिंज पुलिस ने दोनों मामले में अज्ञात चोर पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार,अजीत रामचंद्र माली (23),निवासी-अग्रवाल रोड, फायर ब्रिगेड स्थित रहता है। शिकायत में पुलिस को बताया कि,17 जनवरी को रात्रि 2 बजे व 8 बजे के दरम्यान अज्ञात चोर द्वारा घर की खिड़की का किचन तोड़कर, घर मे प्रवेश कर विभिन्न प्रकार (4 मोबाइल फोन,सोने की चैन ) कुलमिलाकर 64,000 रुपये का समान की चोरी हुई है।

दूसरी घटना,बुध्दसिंह लालसिंह राजपुरोहित (48),निवासी-आचोले रोड, नालासोपारा पूर्व ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया है कि,17 जनवरी को सुबह 10 बजे के आसपास मानसरोवर बिल्डिंग के सामने स्कूटी क्र. एम.एच 48-ए.एच 1520 खड़ी किया था।

# मोहन देलकर ने न्याय पाने के लिए महाराष्ट्र में आत्महत्या कीः सचिन सावंत



**मुंबई।** महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रवक्ता सचिन सावंत का मानना है कि दादरा-नगर हवेली के निर्दलीय सांसद मोहन देलकर ने मुंबई आकर इसलिए आत्महत्या की, ताकि महाराष्ट्र की महाविकास अघाड़ी सरकार मरने के बाद उन्हें न्याय दिला सके। उन्हें अपने केंद्रशासित राज्य में न्याय पाने का भरोसा नहीं था। सचिन सावंत ने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस के दो अन्य सदस्यों के साथ यह बात राज्य के गृहमंत्री अनिल देशमुख से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान कही। उन्होंने गृहमंत्री को दो पृष्ठों का एक ज्ञापन भी भेजा है। सावंत का कहना है कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का काम होता है देश के लिए कानून बनाना, लेकिन देलकर इतने असहाय हो गए कि उन्होंने अपने ही जीवन का अंत कर लिया सावंत ने गृहमंत्री देशमुख से अपील की कि मुंबई के एक होटल में देलकर की आत्महत्या की मुंबई पुलिस द्वारा गहन जांच की जानी चाहिए। उन्होंने संभवतः इसीलिए मुंबई आकर आत्महत्या की, क्योंकि उन्हें अपने केंद्रशासित राज्य में मौत के बाद न्याय पाने का भरोसा नहीं था। उन्हें यह उम्मीद रही होगी कि महाराष्ट्र की महाविकास अघाड़ी सरकार उन लोगों को सजा दिलाएगी, जिनके कारण उन्हें आत्महत्या करने पर बाध्य होना पड़ा।



संपादकः मुर्तुजा मामाजीवाला

## संपादकीय

# दो राज्यों में बजट

***देश के दो महत्वपूर्ण राज्य, उत्तर प्रदेश और बिहार में वार्षिक बजट पेश कर विकसित भविष्य की ओर बढ़ने का संकल्प दोहराया गया है। इन दोनों राज्यों के बजट का विशेष महत्व है, क्योंकि ये दोनों राज्य न केवल राजनीतिक, बल्कि आर्थिक रूप से भी पूरे देश को शायद सबसे ज्यादा प्रभावित करते हैं। दोनों की ही गिनती अपेक्षाकृत पिछड़े राज्यों में होती है और दोनों ही प्रदेशों से रोजगार की तलाश में युवाओं को घर छोड़ने को मजबूर होना पड़ता है। पहली नजर में देखा जाए, तो उत्तर प्रदेश में जहां मूलभूत ढांचा विकास पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया गया है, वहीं बिहार का बजट विशेष रूप से बालिका व महिला विकास की दृष्टि से बहुत आशा जगाता है। दोनों के बजट आकार की तुलना करें, तो बिहार का बजट उत्तर प्रदेश के बजट की तुलना में करीब 40 प्रतिशत ही है। उत्तर प्रदेश का बजट पांच लाख पचास हजार दो सौ सत्तर करोड़ अठहत्तर लाख रुपये का है, तो वहीं बिहार का बजट दो लाख अठारह हजार तीन सौ तीन करोड़ रुपये का है। आबादी के अनुपात के हिसाब से बजट का अनुपात सही है। हालांकि, दोनों राज्यों में विगत दशकों में यदि दक्षिणी राज्यों जैसी तरक्की होती, तो बजट कई गुना ज्यादा का होता। खैर, इन राज्यों के बजट से पता चलता है कि दोनों को अभी विकास की राह पर बहुत आगे जाना है। उत्तर प्रदेश का बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने किसानों का भी पूरा ध्यान रखा है, तो अचरज नहीं। किसानों को मुफ्त पानी के लिए 600 करोड़ रुपये और सस्ते ऋण के लिए 400 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे। कानपुर, गोरखपुर और वाराणसी में भी मेट्रो दौडेगी। दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल के लिए 1,326 करोड़ रुपये का आवंटन विशेष रूप से ध्यान खींचता है। एयरपोर्ट और एक्सप्रेस वे के लिए भी बजट आवंटन स्वागतयोग्य है। टीकाकरण के लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। संभव है, उत्तर प्रदेश सरकार बजट से परे भी आने वाले दिनों में मुफ्त टीकाकरण की घोषणा करेगी। उत्तर प्रदेश में अगले साल चुनाव हैं और चुनाव का असर बजट पर भी दिख रहा है। सरकार मूलभूत ढांचा विकसित करके निवेश आमंत्रित करना चाहती है, ताकि प्रदेश में रोजगार बढ़े।***

# असर-बेअसर के बीच आंदोलन

***"राजनीति संभावनाओं का खेल है और पता नहीं, कब हवा का रुख किस ओर मुड़ जाए! यहां जो लोग अति उत्साह में भाजपा की विदाई के गीत गाने लगे हैं, उन्हें याद दिलाता चलूं कि केरल में भी दिसंबर, 2020 में स्थानीय निकायों के चुनाव हुए थे, जिनमें कांग्रेस के नेतृत्व वाले मोर्चे को शिकस्त मिली और सत्तारूढ़ वाम मोर्चा आगे रहा था। वैसे, केरल और पंजाब के हालात में जमीन-आसमान का अंतर है।***

दिल्ली के दर पर डटे किसानों का आंदोलन चौथे महीने में प्रवेश कर रहा है। सरकार से उनकी बातचीत टूटे भी एक महीना बीत चुका है। वे जब आए थे, तब सर्दियां शुरू हो रही थीं, अब गरमी दस्तक दे रही है। मौसम बदल गया, पर हालात नहीं। यह ह्यडेडलॉकह्न कब तक चलेगा? क्या इसीलिए किसान ह्यभारत बंदह्न और ह्यरेल रोको आंदोलनह्न के जरिए दिल्ली के सत्ता-सदन पर दबाव बढ़ाना चाहते थे, ताकि रुकी हुई गाड़ी आगे बढ़ सके? हालांकि, अखिल भारतीय स्तर पर न ह्यभारत बंदह्न सफल हो सका और न ह्यरेल रोको आंदोलनह्न। क्या इससे दोबारा साबित नहीं हुआ कि यह संघर्ष महज कुछ उत्तर भारतीय प्रदेशों के किसानों का है? यह ठीक है कि तमिलनाडु, तेलंगाना और महाराष्ट्र के भूमिपुत्रों में भी इसी तरह का आक्रोश है, पर वे अभी तक सड़कों पर नहीं उतरे हैं। उधर, गाजीपुर, सिंघु और टिकरी सीमाओं पर भी भीड़ पहले के मुकाबले कम हो चली है। क्या इससे यह ध्वनि नहीं निकलती कि तीन महीने पुराना अहिंसक और अनूठा आंदोलन अपनी आब खो रहा है? इस निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। ऐसा कहने की सबसे बड़ी वजह यह है कि आए दिन जो महापंचायतें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान और हरियाणा के विभिन्न इलाकों में बुलाई जा रही हैं, उनमें भीड़ बढ़ती जा रही है। इन पंचायतों में अब राजनीतिक हस्तियों को भी शामिल होने का अवसर दिया जा रहा है। ऐसे में, क्या यह माना जा सकता है कि धरनारत किसानों की लड़ाई भले ही नए प्रदेशों तक न पहुंची हो, पर यह आंदोलन छह राज्यों के रहे-बचे भागों में पैर पसारता जा रहा है?



दिल्ली के दर पर कम होती भीड़ को लेकर किसान नेताओं का दावा है कि शादियों के मौसम और खेतों में बढ़ते काम के कारण लोगों ने पालियां बना ली हैं। एक दल जाता है, तो दूसरा उसकी जगह ले लेता है। हम लंबे आंदोलन के लिए तैयार हैं और हमारे हौसले में कोई कमी नहीं है। राकेश टिकैत तो यहां तक कहते हैं कि पूरे देश में किसान अपने हालात से असंतुष्ट हैं और अन्य प्रदेशों में भी बड़ी किसान रैलियां हो रही हैं, जिसमें मुझे भी शिरकत करने का अवसर मिल रहा है। क्या ऐसा संभव है कि दिल्ली जैसे धरने अब कुछ और राज्यों में भी देखने को मिलें? इस सवाल का जवाब भविष्य के गर्भ में है, पर पंजाब के नगर निकाय चुनावों के नतीजों ने समूचे मसले को नया मोड़ दे दिया है। वहां गए बुधवार को कांग्रेस ने अभूतपूर्व जीत हासिल की और बरसों बाद अकालियों से अलग होकर लड़ने वाली भारतीय जनता पार्टी चौथे स्थान पर रही। यह जीत कितनी विकट है, इसे समझने के लिए कृपया इन आंकड़ों पर नजर डाल देखिए। नगर परिषद और नगर निगम के कुल 2,165 वार्डों में से 1,484 कांग्रेस, 294 शिरोमणि अकाली दल, 57 आम आदमी पार्टी और 47 में भाजपा को जीत मिली। कांग्रेस ने 68.5 प्रतिशत वार्डों में जीत दर्ज की, जबकि अकाली दल 13.5 फीसदी, आम आदमी पार्टी 2.6 और भाजपा 2.1 फीसदी वार्डों में ही जीत हासिल कर सकी। कांग्रेस ने जहां 53 साल बाद बठिंडा नगर निगम पर कब्जा करने में सफलता हासिल की, वहीं भाजपा अपने गढ़ों तक को गंवा बैठी। गुरदासपुर से सन्नी देओल सांसद हैं, वहां भी पार्टी को भयंकर दुर्गति का सामना करना पड़ा। ये नतीजे आम आदमी पार्टी को भी आत्ममंथन पर मजबूर करते हैं।

क्या निकाय चुनावों ने अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों की पटकथा लिखनी शुरू कर दी है? ऐसा कहना जल्दबाजी होगी। 2017 में कांग्रेस यहां विजयी हुई थी, पर 2015 के निकाय चुनावों के नतीजे अधिकांशतः अकाली-भाजपा गठबंधन के पक्ष में रहे थे। राजनीति संभावनाओं का खेल है और पता नहीं, कब हवा का रुख किस ओर मुड़ जाए! यहां जो लोग अति उत्साह में भाजपा की विदाई के गीत गाने लगे हैं, उन्हें याद दिलाता चलूं कि केरल में भी दिसंबर, 2020 में स्थानीय निकायों के चुनाव हुए थे, जिनमें कांग्रेस के नेतृत्व वाले मोर्चे को शिकस्त मिली और सत्तारूढ़ वाम मोर्चा आगे रहा था। वैसे, केरल और पंजाब के हालात में जमीन-आसमान का अंतर है। उत्तर भारत की तरह वहां किसान आंदोलनरत नहीं हैं और भाजपा भी लड़ाई से बाहर है। किसान असंतोष के राजनीतिक फलितार्थ का दूसरा उदाहरण राजस्थान है। पिछले माह हुए नगर निकाय चुनावों में वहां कांग्रेस ने बाजी मारी थी। इस प्रदेश के भी एक हिस्से में किसान आंदोलनरत हैं। ऐसे में, यह मान बैठना कि इतना बड़ा आंदोलन कोई राजनीतिक प्रभाव नहीं छोडेगा, समझदारी नहीं होगी। इस अवधारणा का अगला इम्तिहान उत्तर प्रदेश में होगा। उच्च न्यायालय के आदेश के चलते उत्तर प्रदेश में पंचायतों के चुनाव 30 अप्रैल से पहले कराए जाने हैं। देश के सबसे बडे. इस सूबे में इन चुनावों के कुछ ही महीने बाद विधानसभा चुनाव भी हैं। कहने की जरूरत नहीं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश इस वक्त कृषक असंतोष का ह्यएपिसेंटरह्न बना हुआ है। राकेश टिकैत भी यहीं से आते हैं और उनके स्वर्गीय पिता के वक्त से किसान अपने हक-हूकुक की लड़ाई लड़ने के आदी रहे हैं। यही वजह है कि बुधवार को एक तरफ पंजाब से चुनाव परिणाम आ रहे थे, दूसरी तरफ दिल्ली में केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान के यहां पश्चिमी उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण भाजपा नेताओं की बैठक चल रही थी। बालियान के यहां तय हुआ कि भाजपा नेता किसानों के बीच जाकर अपनी बात रखेंगे, नए कानूनों के लाभ समझाएंगे, पर उनका रास्ता आसान नहीं साबित होने जा रहा।

ऐसा कहने की सबसे बड़ी वजह यह है कि संजीव बालियान जब नई दिल्ली में मीटिंग कर रहे थे, उसी दौरान मुजफ्फरनगर में होने वाली मासिक पंचायत में भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत ललकार रहे थे कि जो सरकार हमें दाम नहीं दे रही, उसके नेताओं को शादी-ब्याह के निमंत्रण देना बंद करो। यह एक तरह से सामाजिक बहिष्कार का आह्वान है। तय है, भाजपा के जिस ह्यमुजफ्फरनगर मॉडलह्न ने 2014 से अब तक उसकी जानदार जीत की राह हमवार की है, उस पर खतरा मंडरा रहा है। प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव और मायावती ने भी इसीलिए अपने-अपने दांव आजमाने शुरू कर दिए हैं। आम आदमी पार्टी को भी उत्तर प्रदेश में अपने लिए संभावना नजर आ रही है। क्या आर्थिक वजहों से उदित होने वाले सामाजिक आंदोलन का यह राजनीतिक अवसान है?


## घर-संसार

# जया एकादशी आज, जानें कथा, शुभ मुहूर्त और व्रत के नियम



आज माघ शुक्ल पक्ष की एकादशी है। इसे जया एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। हर महीने के शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष में एकादशी होती है और सभी का अलग-अलग महत्व है। हिंदू पंचांग के अनुसार माघ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को जया एकादशी माना जाता है। यह भगवान विष्णु को समर्पित है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने से भगवान विष्णु जी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। वहीं सभी तरह के पाप नष्ट हो जाते हैं, दरिद्रता दूर होती है और भूत-प्रेत योनी में जन्म लेने से मुक्ति मिलती है। आइए जानते हैं इस जया एकादशी की कथा, शुभ मुहूर्त और व्रत के नियम। जया एकादशी व्रत कथाः हिंदू धार्मिक मान्यता के मुताबिक इंद्र की सभा में एक गंधर्व गीत गा रहा था। लेकिन वह उस समय अपनी पत्नी को याद करने लगा। इस कारण वह ठीक से नहीं गा पा रहा था। इस पर इंद्र काफी नाराज हो गए। उन्होंने गंधर्व और उसकी पन्नी को पिशाच योनी में जन्म लेने का श्राप दे दिया। वह दोनों पिशाच योनी में जन्म लेकर कष्ट भोग रहे थे। संयोगवश माघ शुक्ल एकादशी के दिन उन दोनों ने कुछ नहीं खाया और रात्री में ठंड के कारण सो नहीं सके। इस तरह अनजाने में उसने जया एकादशी व्रत हो गया। इस व्रत के प्रभाव से दोनों श्राप मुक्त हो गए। फिर अपने वास्तविक स्वरूप में लौटकर स्वर्ग पहुंचे। देवराज ने जब गंधर्व को वापस देखा तो वे हैरान हो गए। गंधर्व और उसकी पत्नी ने पूरी बात बताई। इस व्रत के पुण्य से उन्हें पिशाच योनी से यहें जया एकादशी शुभ मुहूर्तः एकादशी तिथि आरंभ 22 फरवरी शाम 5 बजकर 16 मिनट से शुरू होकर 23 फरवरी शाम 6 बजकर 5 मिनट पर समाप्त होगी। एकादशी पारण का शुभ मुहूर्त 24 फरवरी सुबह 6 बजकर 51 मिनट से लेकर सुबह 9 बजकर 9 मिनट तक है। पारण की कुल अवधि 2 घंटे 17 मिनट है।

# यूपी विधानसभा में बोले सीएम योगी आदित्यनाथ- ढाई साल का बच्चा टोपी पहने व्यक्ति को समझता है गुंडा



**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में विधान मंडल के बजट सत्र के दौरान बुधवार को राज्यपाल आनंदीबेन के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत संवाद है। आपस में सहमति और असहमति सभी के बीच हो सकती है, लेकिन संवाद की सिलसिला हमेशा चलता रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण विधानमंडल के लिए सरकार का एक दस्तावेज होता है। सरकार की उपलब्धियां और भावी योजनाएं इसके माध्यम से सदन में रखी जाती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल के प्रति हृदय से आभार जिन सदस्यों ने इसमें भाग लिया उन्हें भी हृदय से धन्यवाद। उन्होंने कहा कि सांविधानिक प्रतीकों और प्रमुखों का सम्मान चुने गए जनप्रतिनिधियों का दायित्व होना चाहिए, लेकिन इस मामले में हम लोग चूक करते हैं। परिपाटी अच्छे बननी चाहिए। राज्यपाल जब आती हैं तो सत्ता पक्ष और विपक्ष का दायित्व है वे उनका सम्मान करें। कोई भी प्रतिकूल टिप्पणी नहीं होनी चाहिए, लेकिन जैसा हुआ वह पीड़ा दायक है। सीएम योगी ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सदन में एक नई परिपाटी बन गई है। उन्होंने कहा कि कभी विधायिका को लोग ऐसा न मान लें कि यह ड्रामा कंपनी है। कोई लाल टोपी, तो कोई नीली टोपी, तो कई पीली टोपी में सदन में दिखने लगी है। ऐसा तो कभी नहीं होता था। इस दौरान सीएम योगी ने सदन में अज्ञेय की पंक्तियों के जिक्र किया- सर्प तुम कभी नगर नहीं गए, नहीं सीखा तूने वहां बसना, तो फिर कहां से विष पाया, कहां सीखा डासना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक वाकया सुनाते हुए कहा कि ढाई साल का बच्चा टोपी पहने व्यक्ति को गुंडा समझता है। उन्होंने कटाक्ष किया कि नेता प्रतिपक्ष यदि सदन में पगड़ी या साफा पहन कर आते तो ज्यादा अच्छा लगता।

उन्हें इस प्रकार की चीजों से उन्हें परहेज करना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष को इस उम्र में टोपी लगाकर आना शोभा नहीं देता है। नेता प्रतिपक्ष अपने घर बलिया भी सीधे नहीं जाते। नेता प्रतिपक्ष को पता नहीं अयोध्या जाने से डर लगता है।

## सदन में सीएम नीतीश का विपक्ष को करारा जवाब, तेजस्वी को बोले- बैठ जाओ, आपको गोद में खेलाया है

**पटनाः** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित पूरे विपक्ष पर सदन में जमकर पलटवार किया। मंगलवार ( 23 फरवरी) को बजट पर राज्यपाल के अभिभाषण पर विमर्श के दौरान तेजस्वी के बार-बार टोकाटोकी करने पर नीतीश कुमार ने यहां तक कह दिया कि हम क्या गोदी में नहीं उठाए हैं, चुपचाप बैठो। तुम्हें गोद में खेलाया है। उन्होंने तेजस्वी के तमाम आरोपों सहित पूरे विपक्ष को करारा जवाब दिया है। मुख्यमंत्री के संबोधन के दौरान जब तेजस्वी यादव ने सवाल खड़े किए तो उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि सदन में मैंने आपकी सारी बातें सुनीं। अब मेरी भी सुन



लीजिए। आगे आपको ही फायदा देगा। मैं जब केंद्र में मंत्री था तब तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल जी से जो भी सीखा, वह आज भी मेरे काम आ रहा है। मेरे भी मार्गदर्शन में आपने बतौर डिप्टी सीएम एक साल आठ महीने काम किया।

मैं तो चाहूंगा कि आपको मौका मिले और आप बोलें। मुझे अच्छा लगता है, जब आप बोलते हैं।आज सदन में सीएम नीतीश कुमार ने विपक्ष का करारा जवाब दिया।

## MP में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए निधि देने के बाद वृद्धा ने त्याग दिए प्राण

**कुरवाई।** श्री राम मंदिर निर्माण निधि संग्रह अभियान के दौरान एक अनोखा मामला सामने आया, जिसमें दतेरा निवासी राकेश आचार्य की माताजी शांति देवी आचार्य उम्र 85 साल ने मंदिर के लिए अपनी वृद्धा पेंशन में से 2100 सौ रुपए दान करने के कुछ ही घण्टे बाद प्राण त्याग दिए।सीहोरा अभियान के निधि प्रमुख मृगेन्द्र सेन ने बताया कि सुबह 9 बजे राकेश शर्मा ने राकेश सूर्यवंशी से कहा कि माता जी को मंदिर के लिए दान देना है तो राकेश सूर्यवंशी ने कहा कि अभियान टोली आपके घर आयेगी।इसके बाद टोली का एकत्रीकरण ग्राम सिरावली जाने के लिए सेंट्रल बैंक के सामने हो रहा था, तभी राकेश आचार्य जी ने टोली से आग्रह किया कि माता जी दान देना चाहती है आप सब लोग अभी घर चलें।

# यूपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा- विधायक मुख्तार अंसारी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध

**लखनऊः** पंजाब की रोपड़ जेल में बंद उत्तर प्रदेश के बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी मामले में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर किया और कहा कि यूपी सरकार गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।यूपी सरकार ने कोर्ट में कहा कि मुख्तार अंसारी के खिलाफ कोर्ट में जघन्य अपराध के दस केस चल रहे हैं। सरकार ने आग्रह किया कि मुख्तार को यूपी जेल भेजा जाए और उससे संबंधित मामला भी प्रयागराज एमपी-एमएलए कोर्ट में ट्रांसफर किया जाए। हालांकि शीर्ष अदालत ने पंजाब सरकार की मांग पर अगली सुनवाई मंगलवार यानी दो मार्च तक के लिए टाल दी है।

यूपी के मऊ से विधायक मुख्तार अंसारी को पंजाब की रोपड़ जेल से यूपी ट्रांसफर करने की सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन याचिक पर बुधवार को सुनवाई हुई। यूपी सरकार






ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में कहा कि मुख्तार अंसारी को बांदा जेल सुपरिटेंडेंट ने बिना एमपी-एमएलए कोर्ट की अनुमति के पंजाब पुलिस को सौंपा था। अपराधी मुख्तार अंसारी के खिलाफ कई बार पेशी वारंट जारी किए गए, लेकिन पांजाब की रोपड़ जेल के अधिकारी उसे बीमार बताते रहे हैं। लंबे समय से पुलिस उसे यूपी लाने की कोशिश कर रही है। योगी सरकार ने हलफनामे में कहा कि मोहाली मामले में दो साल से चार्जशीट जमा नहीं हुई है, फिर भी मुख्तार अंसारी जमानत नहीं ले रहा है, इससे मिलीभगत साफ दिख रही है।

सरकार ने आग्रह किया है कि सुप्रीम कोर्ट न्याय के हित में अपनी विशेष शक्ति का इस्तेमाल करे और मुख्तार को वापस यूपी भेजने का आदेश दे। यूपी सरकार ने कहा कि मोहाली में दर्ज केस भी प्रयागराज ट्रांसफर कर दिया जाए।

# आध्यात्मिक गुरु ओशो के सर्वश्रेष्ठ प्रेरणादायक




जिंदगी एक ही बार मिलती है, तो इसका पूरा आनंद क्यों न ले? निराशा से बाहर आये और जिन्दगी के हर एक पल को खुशी से बिताये। जिंदगी के हर एक दिन को ऐसे जिये की वह तुम्हारा आखरी दिन हो और हर एक पल को ऐसे जिये जैसे वह आपका आखरी पल हो। दोस्तों ओशो जी ने कहे हर एक शब्द में जिन्दगी समायी है, उनका हर एक अनमोल विचार जिन्दगी को पूरी आजादी के साथ जीने का उपदेश देता है, निचे ओशो सर्वश्रेष्ठ विचारों में से कुछ पर पब्लिश किये गये है, प्रेरणा और प्यार पर आधारित ओशो के ये विचार निश्चित ही आपको प्रेरित करने में सहायक होंगे। किसी से किसी भी तरह की प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता नहीं हैं। आप स्वयं में जैसे हैं, एकदम सही हैं, खुद को स्वीकारिये।जब तक आदमी सृजन की कला नहीं जानता तब तक अस्तित्व का अंश नहीं बनता। एक राजा की तरह जिंदगी जिये।जिंदगी कोई मुसीबत नही है बल्कि ये तो एक खुबसूरत तोहफा है। मुर्ख दुसरों पर हसंते हैं, बुद्धिमता खुद पर।जीवन का कोई महत्त्व नही है। खुश रहो! फिर भी जीवन का कोई महत्त्व नही होंगा। नाचो, गाओ, झुमो! फिर भी जीवन का कोई महत्त्व नही होंगा। आपको विचारशील बनने की जरुरत है। ये एक बहोत बड़ा मजाक होंगा।आधे-अधूरे ज्ञान के साथ कभी आगे ना बढे। ऐसा करने पर आपको लगेंगा की आप अज्ञानी हो, और अंत तक अज्ञानी ही बने रहोंगे। प्यार की सर्वश्रेष्ट सीमा आजादी है, पूरी आजादी। किसी भी रिश्ते के खत्म होने का मुख्य कारण आजादी का न होना ही है।




## सर्दियों में बनाएं लहसुन का चटपटा अचार, जानिए इसकी विधि

*सर्दियों में बनाएं लहसुन का चटपटा अचार, जानिए इसकी विधि लहसुन की अलग कर लें और इसमें एक टेबलस्पून तेल डालकर मिलाएं। फिर इसे एक घंटे के लिए धूप में रखें। उसके बाद इसे मसल लें जिससे छिलके आसानी से निकल जाएंगे। अब मसाला तैयार करने के लिए साबूत लालमिर्च, राई, सौफ, अजवाइन और मेथी दाने को मिक्सर में दरदरा पीस लें।आपने अभी तक आम, गोभी, गाजर, मूली, आंवला कई तरह के अचार बनाए होंगे, लेकिन क्या कभी लहसुन का अचार ट्राई किया है। ठंड में मौसम में तो इसे खाने का मजा ही कुछ और होता है, तो इस बार आप भी बनाइए लहसुन का अचार और अपने खाने को बनाइए और भी जायकेदार। चलिए, आपको बताते हैं इसकी विधि, जो बहुत ही आसान है। आधा किलो- लहसुन की कलियां लहसुन की अलग कर लें और इसमें एक टेबलस्पून तेल डालकर मिलाएं। फिर इसे एक घंटे के लिए धूप में रखें। उसके बाद इसे मसल लें जिससे छिलके आसानी से निकल जाएंगे। अब मसाला तैयार करने के लिए साबूत लालमिर्च, राई, सौफ, अजवाइन और मेथी दाने को मिक्सर में दरदरा पीस लें। अब गैस पर कड़ाही या पैन रखकर सरसों तेल गरम करें। तेल अच्छी तरह गरम हो जाने पर आंच से उतार लें। फिर इसे थोड़ा ठंडा होने दें, गुनगुना रहने पर इसमें नमक और हींग डालें। अब इसमें लहसुन डालकर मिलाएं, फिर पिसा हुआ.*

# बिग बॉस 14 खत्म होने के बाद अली गोनी ने जैस्मिन भसीन संग शेयर की फोटो



टीवी का पॉप्युलर शो बिग बॉस 14 खत्म हो चुका है लेकिन अली गोनी और जैस्मिन भसीन रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अली गोनी ने बिग बॉस के घर से बाहर आने के बाद सोशल मीडिया पर पहला पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने जैस्मिन भसीन के साथ अपनी एक फोटो पोस्ट की है, जिसे बहुत पसंद किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने फैन्स को शुक्रिया कहा। बिग बॉस में अली और जैस्मिन एक-दूसरे में काफी क्लोज हो गए थे।

अली गोनी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जैस्मिन भसीन के साथ फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, आप लोगों के प्यार के लिए बहुत -बहुत धन्यवाद। हम सभी विनर्स हैं। ये जीत है प्यार की, इज्जत की। अली के इस पोस्ट पर फैन्स रिएक्शन दे रहे हैं। एक फैन ने लिखा, अल्लाह आप दोनों को हमेशा साथ और खुश रखे। दूसरे फैन ने लिखा, अली भाई और जैस्मिन भाभी। इस तरह फैन्स कपल पर प्यार लुटा रहे हैं। जैस्मीन और अली बिग बॉस 14 के पहले से अच्छे दोस्त थे लेकिन शो में आने के बाद दोनों के बीच नजदीकियां काफी बढ़ गई। शो में अली और जैस्मिन ने एक-दूसरे के लिए अपनी फीलिंग्स शेयर की थीं। अब दोनों शादी करने का प्लान बना रहे हैं।

इस समय अली अपने होमटाउन जम्मू में जैस्मिन के साथ हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया के साथ बातचीत में अली ने कहा, मैंने जैस्मिन को प्रोत्साहित करने के लिए शो में एंटर किया था। शो के दौरान मैंने अहसास किया कि वह मेरे लिए हैं। मुझे उनके साथ टाइम स्पेंड करना और डेट पर जाना पसंद है। अगर सबकुछ ठीक रहा तो मैं उनके साथ शादी करूंगा। इंशाल्लाह। इससे पहले एक इंटरव्यू में अली गोनी ने कहा था कि जैस्मीन भसीन संग मैं पहले डेट पर जाना चाहूंगा। अब क्योंकि शो खत्म हो चुका है तो मैं अपने और जैस्मीन के बारे में तसल्ली से सोच सकता हूं। मैं उसके लिए बेस्ट चाहता हूं। मैं किसी भी तरह की जल्दबाजी में नहीं हूं और मैं एक-एक करके चीजें करना चाहता हूं। अगर जरूरत पड़ी तो मैं जैस्मीन भसीन के पैरेंट्स को शादी के लिए तैयार करने को लेकर कुछ भी करूंगा।अली गोनी आगे कहते हैं कि मैं जैस्मीन को सपोर्ट करने के लिए शो में गया था। शो के दौरान ही मुझे अहसास हुआ कि जैस्मीन ही मेरे लिए वह लड़की है, जिसके साथ मैं पूरी जिंदगी बिताना चाहता हूं।

# विश्व रिकॉर्ड बनाकर भी जीत नहीं पाई ऑस्ट्रेलियाई टीम

**नई दिल्ली :** मेजबान न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज खेली जा रही है। इसी सीरीज के दूसरे मुकाबले में कंगारू टीम ने एक विश्व रिकॉर्ड बनाया, लेकिन टीम को जीत नसीब नहीं हुई। कीवी टीम ने मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया को 4 रन से हराकर सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। अब सीरीज में तीसरा मुकाबला कंगारू टीम के लिए करो या मरो का होगा। दूसरे टी20 मैच में न्यूजीलैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट खोकर 219 रन बनाए थे। इसमें मार्टिन गप्टिल की 97 रन की पारी अहम रही। कप्तान केन विलियमसन ने भी अर्धशतक जड़ा, जबकि जेम्स नीशम 45 रन बनाकर नाबाद रहे। इसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम शुरूआत ठीक-ठाक मिली, लेकिन एक समय पर टीम का स्कोर 113 रन पर 6 विकेट हो गया था। इसके बाद एक विश्व रिकॉर्ड बना।ऑस्ट्रेलिया के लिए डैनियल सैम्स और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने सातवें विकेट के लिए 37 गेंदों में तूफानी 92




जोड़े। ये टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सातवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी थी। इससे पहले इंग्लैंड के पॉल कॉलिंगवुड और माइकल यार्डी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ साल 2007 में 91 रन जोड़े थे। हालांकि, स्टोइनिस और सैम्स की तूफानी साझेदारी काम नहीं आई, क्योंकि आखिरी के ओवर में टीम 15 रन नहीं बना सकी।आखिरी ओवर में जेम्स नीशम ने कीवी टीम के लिए गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभाली और ऑस्ट्रेलिया की ओर से डैनियल सैम्स और मार्कस स्टोइनिस क्रीज पर थे। नीशम ने पहली गेंद पर सैम्स को आउट कर दिया, जबकि दूसरी और तीसरी गेंद पर मार्कस स्टोइनिस कोई रन नहीं बना सके। चौथे गेंद पर उन्होंने छक्का जरूर जड़ा, लेकिन अगली गेंद पर वे आउट हो गए और फिर आखिरी गेंद पर 4 रन बने। इस तरह न्यूजीलैंड ने मुकाबला 4 रन से जीत लिया।

## CSK ने कर दिया था बाहर और अब फॉर्म में आ गया ये बल्लेबाज, 4 छक्कों की मदद से ठोका शतक

**नई दिल्ली:** विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट 2021 में भारतीय क्रिकेटर्स जमकर अपना दम दिखा रहे हैं। इसमें आइपीएल 2021 से लिए चेन्नई सुपर किंग्स के बाहर किए गए बल्लेबाज केदार जाधव भी शामिल हैं। पिछले सीजन यानी आइपीएल 2020 में केदार का प्रदर्शन बेहद निराश करने वाला रहा था और उन्हें सीएसके ने टीम से बाहर कर दिया गया था। उसके बाद हालांकि नीलामी के पहले चरण में अनसोल्ड रहने के बाद केदार को दूसरे चरण में हैदराबाद का साथ मिला था और इस टीम ने उन्हें उनके बेस प्राइस 2 करोड़ में खरीद लिया था।

अब केदार जाधव ने अपना फॉर्म वापस पा लिया है और अपनी घरेलू टीम महाराष्ट्र के लिए खेलते हुए विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट 2021 के लीग मुकाबले में राजस्थान के खिलाफ बेहतरीन पारी खेली। मध्यक्रम के बल्लेबाज केदार जाधव ने अपनी टीम के लिए नाबाद 101 रन बनाए और इस दौरान 93 गेंदों का सामना किया। केदार जाधव ने अपनी पारी में 4 छक्के और 5 चौके लगाए साथ ही उनका स्ट्राइक रेट 108.60 का रहा। केदार की इस पारी के दम पर महाराष्ट्र का स्कोर 50 ओवर में 6 विकेट पर 277 रन तक पहुंचा।

वहीं केदार जाधव के अलावा इस टीम के लिए कप्तान रितुराज गायकवाड़ ने 30 रन की पारी खेली जबकि यश नायर ने अपनी टीम के लिए 55 रन का योगदान दिया। नौशाद शेख 4 रन, आजिम काजी 21 रन बनाकर आउट हुए तो वहीं निखिल नायक अपना खाता भी नहीं खोल पाए। सत्यजीत ने 44 रन की पारी खेली और रन आउट हुए।

## पृथ्वी शॉ ने वीरेंद्र सहवाग का रिकॉर्ड तो तोड़ दिया, लेकिन लिस्ट ए का सबसे बड़ा स्कोर है रोहित शर्मा के नाम

**नई दिल्ली:** विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट में मुंबई के ओपनर बल्लेबाज पृथ्वी शॉ का बल्ला जमकर बोल रहा है। अब उन्होंने लीग मुकाबले में पुडुचेरी के खिलाफ नाबाद 227 रन की पारी खेलते हुए कई रिकॉर्ड्स अपने नाम कर लिए। लिस्ट ए क्रिकेट में ये मुंबई के ओपनर बल्लेबाज पृथ्वी शॉ का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर तो रहा ही साथ ही साथ उन्होंने वीरेंद्र सहवाग का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। लिस्ट ए क्रिकेट में वो सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए जबकि सहवाग अब चौथे नंबर पर खिसक गए जो पहले तीसरे स्थान पर थे। पुडुचेरी के खिलाफ पृथ्वी शॉ ने 152 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 227 रन की पारी खेली और इस पारी के अंदर



में उन्होंने 5 छक्के व 31 चौके जड़े। अपनी इस पारी के दम पर वो लिस्ट एक क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बने। इससे पहले तीसरे स्थान पर वीरेंद्र सहवाग थे जिनके नाम पर 219 रन दर्ज थे और अब पृथ्वी की इस पारी के बाद सहवाग खिसककर चौथे स्थान पर आ गए। लिस्ट ए क्रिकेट में भारत की तरफ से सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर रोहित शर्मा के नाम पर है। रोहित 264 रन के साथ पहले स्थान पर हैं तो वहीं रन के साथ शिखर धवन दूसरे स्थान हैं। 227 रन- पृथ्वी शॉ (मुंबई) पुडुचेरी के खिलाफ मुंबई की तरफ से कमाल की बल्लेबाजी हुई और इस टीम ने 50 ओवर में 4 विकेट पर 457 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। पृथ्वी शॉ ने जहां नाबाद 227 रन की पारी खेली तो वहीं सूर्यकुमार यादव ने महज 58 गेंदों पर तूफानी 133 रन की पारी खेली और 4 छक्के व 22 चौके जड़े।

# मोहम्मद हफीज ने ठुकाराया पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का कॉन्ट्रैक्ट, C कैटेगरी में मिली थी जगह



**कराची:** ऑलराउंडर मोहम्मद हफीज को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी पीसीबी ने T20क विशेषज्ञ के तौर सी कैटेगरी कॉन्ट्रैक्ट में रखा था, लेकिन इस सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट ऑफर को हफीज ने विनम्रता से ठुकरा दिया है। पीसीबी के अनुसार, दमदार प्रदर्शन करने वाले क्रिकेटरों को सम्मान देना, उन्हें प्रोत्साहित करना और उन्हें इनाम देना बोर्ड का काम है। इसी कारण से पीसीबी ने हफीज को टी20 विशेषज्ञ के तौर पर श्रेणी सी अनुबंध की पेशकश की, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया। पीसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वसीम खान ने कहा, मोहम्मद हफीज ने इनाम को अस्वीकार कर दिया, जिससे मैं निराश हूं, लेकिन मैं उनके फैसले का पूरा सम्मान करता हूं। वह पीसीबी सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट 2021-22 की सूची की प्रतीक्षा करना चाहते हैं, जिसके लिए वह पूरी तरह से हकदार हैं। हफीज इस सत्र के हमारे स्टार खिलाड़ियों में से एक रहे हैं और हमें उम्मीद है कि वह साउथ अफ्रीका के खिलाफ फॉर्म और गति प्रदान करेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के 2020 के टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर रहे मोहम्मद रिजवान को ए कैटगरी में प्रमोट किया गया है। रिजवान ने तीनों फॉर्मेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। इस कैटेगरी में 28 वर्षीय रिजवान ने पाकिस्तान टीम के कप्तान बाबर आजम, पूर्व कप्तान अजहर अली और तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को ज्वाइन किया है।

# उद्धव सरकार के सलाहकार की चेतावनी- महाराष्ट्र में वायरस को नियंत्रित नहीं किया गया तो, दूसरे राज्यों में फैल सकता है संक्रमण

**मुंबई।** महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में कोरोना वायरस के मामले बढ़ रहे हैं और यहां से यह संक्रामक रोग पुणे और मुम्बई जैसे अन्य इलाकों में भी फैल रहा है। कोविड-19 वैश्विक महामारी से निपटने के लिए महाराष्ट्र सरकार के तकनीकी सलाहकार डॉ. सुभाष सालुंके ने बुधवार रात पत्रकारों को बताया कि अगर इसे नियंत्रित नहीं किया गया, तो यह देश के अन्य राज्यों में भी



फैल सकता है अधिकारी ने मंगलवार को ही कोविड-19 का टीका लगवाया था। उन्होंने कहा कि जहां तक टीकाकरण की बात है, राज्य इससे बेहतर कर सकता था। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि महाराष्ट्र में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि बुधवार को भी जारी रही और राज्य में करीब चार महीने बाद एक दिन में आठ हजार से अधिक नये मामले सामने आये थे। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, राज्य में अभी तक वायरस के कुल 21,21,119 मामले सामने आए हैं।अधिकारी ने कहा कि इसे दूसरी लहर कहना कठिन होगा, लेकिन विदर्भ में वायरस के मामले बढ़ रहे हैं।

# महाराष्ट्र सरकार ने बाबा रामदेव की कोरोना की दवाई कोरोनिल के बिक्री पर लगाई रोक



**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने बाबा रामदेव की कोरोना दवा कोरोनिल की बिक्री पर रोक लगा दी है। राज्य के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने बाबा रामदेव के पतंजलि की ओर से लॉन्च किए गए कोरोना की दवा कोरोनिल के संबंध में कहा कि WHO और कटअ जैसे स्वास्थ्य संगठनों से उचित प्रमाणीकरण के बिना कोरोनिल की बिक्री को महाराष्ट्र में अनुमति नहीं मिलेगी। अनिल देशमुख इस संबंध में ट्वीट करते हुए लिखा, पतंजलि की कोरोनिल दवा की बिक्री को महाराष्ट्र में WHO, कटअ और अन्य संबंधित सक्षम स्वास्थ्य संस्थानों से उचित प्रमाणीकरण के बिना अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने एक और ट्वीट में कहा, कोरोनिल के तथाकथित परीक्षण पर कटअ ने सवाल उठाए हैं और WHO ने कोविद के उपचार के लिए पतंजलि आयुर्वेद को किसी भी प्रकार कि स्वीकृति देने से इंकार किया है। ऐसे में जल्दीबाजी में किसी भी दवा को उपलब्ध करवाना और दो वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों द्वारा इसकी सराहना करना उचित नहीं है।

# दिनदहाड़े महिला से मारपीट और लूटपाट करने वाले हुए गिरफ्तार, स्कूटी से देते थे वारदात को अंजाम



**मुंबई:** मुंबई के समता नगर पुलिस स्टेशन दो ऐसे शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है जो राह चलते महिलाओं के साथ मारपीट कर उनके साथ लूटपाट करते थे। पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से इन आरोपियों को धर दबोचा है। इनके खिलाफ आईपीसी की धारा 394 और 34 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। इस मामले में समता नगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक आनंद रॉव हाँके के मुताबिक बीती 19 फरवरी को दोपहर साढ़े तीन बजे के आसपास कांदिवली पूर्व इलाके में अडानी इलेक्ट्रिसिटी के सामने रूपाली हरिभाऊ फणसे (35) पैदल जा रही थीं। उसी दौरान स्कूटी पर सवार दो युवक वहां आए और पीछे बैठा युवक स्कूटी से उतर कर रूपाली के हाथ से मोबाइल छीनने लगा। जब महिला ने विरोध किया तो युवक ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी और मोबाइल लेकर भाग गया।




# बाथरूम में फिसलकर बेटे की मौत, रात भर शव को हल्दी लगाती रही मां

**मुंबई:** मुंबई में 72 वर्षीय एक मां ने अपने 42 वर्षीय बेटे की लाश के साथ पूरी रात इस उम्मीद में बिताई कि उसका बेटा जिंदा है। मानवीय संवेदनाओं को झकझोरने वाली यह घटना वाकोला पुलिस के तहत कालीना की है।
पुलिस सूत्रों के अनुसार, मंगलवार शाम को महिला का बेटा बाथरूम में फिसल गया था। सिर के अंदरूनी हिस्से में गहरी चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कुछ देर बाद उसकी बुजुर्ग मां जब बाथरूम गई तो बेटे को बेहोश पड़े देखा। बुजुर्ग मां किसी तरह अपने बेटे को बाथरूम से खींचकर हॉल में ले गई। बेहोश समझकर उसके जख्म पर रात भर हल्दी लगा कर उसका इलाज करती रही। सुबह जब अपने बेटे को उठाने लगी, तो वह नहीं उठा। हताश होकर मां ने इसकी जानकारी अपने रिश्तेदारों को दी। रिश्तेदारों ने उसके बेटे को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने कहा कि रात में ही महिला के बेटे की मौत हो गई थी।

# संजय राउत बोले- गुजरात नगर निगम चुनाव में कांग्रेस की हार लोकतंत्र के लिए नुकसानदेह

**मुंबई।** गुजरात में नगर निगम चुनाव में कांग्रेस की शिकस्त के बीच शिवसेना के सांसद संजय राउत ने बुधवार को कहा कि इस तरह कांग्रेस की हार लोकतंत्र कि हित में नहीं है और पार्टी को इस बारे में विचार करना होगा। राउत ने आरोप लगाया कि पुडुचेरी में कांग्रेस को सत्ता से हटाने के लिए भाजपा ने कई हथकंडे आजमाए और दिल्ली में बैठे लोगों द्वारा धन-बल का दुरुपयोग देश के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में भी इसी तरह के हथकंडे इस्तेमाल किए जा रहे हैं लेकिन सत्तारूढ़ शिवसेना मजबूती के साथ



महा विकास आघाड़ी के घटक राकांपा और कांग्रेस के साथ खड़ी है।
विश्वास प्रस्ताव पर मतदान से पहले मुख्यमंत्री नारायणसामी के इस्तीफे के कारण सोमवार को पुडुचेरी में कांग्रेस सरकार गिर गई। हाल ही में कई कांग्रेस विधायकों और बाहर से समर्थन दे रहे द्रमुक के एक विधायक के इस्तीफे के कारण केन्द्रशासित प्रदेश की सरकार अल्पमत में आ गई थी। भाजपा ने गुजरात में छह नगर निगमों के लिए हुए चुनाव में प्रचंड जीत हासिल की। भाजपा ने मंगलवार को हुई मतगणना में 576 में से 483 सीटें जीतकर इन नगर निकायों में अपनी सत्ता बरकरार रखी। विपक्षी दल कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा और वह केवल 55 सीटों पर जीत दर्ज कर सकी। वहीं, राज्य में नगर निकाय चुनावों में पहली बार उतरी आम आदमी पार्टी (आप) ने 27 सीटों पर जीत हासिल की और ये सभी सीटें उसने सूरत में जीती। आप सूरत नगर निगम में मुख्य विपक्ष के रूप में उभरी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट, ऑफ आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास, गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व),मुंबई - 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प),मुंबई -400053 प्रकाशित । संपादक: मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997
■ T.C. NO. MAHHIN10172 ■ ईमेल: newsicon2021@gmail.com ■ newsicon.net